मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 173
मंगलवार, 07 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## बीजापुर में सुरक्षाबलों की गाड़ी पर नक्सलियों का बड़ा हमला, ब्लास्ट में 8 जवान शहीद

**बीजापुर, 06 जनवरी।** एक हैरान करने वाली घटना में, सोमवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोटक का उपयोग करके अपने वाहन को उड़ा दिया, जिसमें आठ जवान और एक ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। विस्फोट में कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, यह धमाका बीजापुर जिले के बेदरे-कुटरू रोड पर उस वक्त हुआ जब जवान एक ऑपरेशन से लौट रहे थे। हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पूरा देश जानता है कि हमारी सरकार को सत्ता में आये एक साल से ज्यादा हो गया है. हमारे जवान नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं, केंद्रीय गृह मंत्री भी मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे विश्वास है कि उनका संकल्प पूरा होगा। बीजापुर आईईडी ब्लास्ट पर आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने कहा कि पिछले 3 दिनों से नारायणपुर जिले, दंतेवाड़ा और बीजापुर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान चल रहा था। इस ऑपरेशन के दौरान हमने 5 नक्सलियों के शव बरामद किए थे और एक जवान



की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि जब टीम वापस लौट रही थी तो बीजापुर के अंबेली इलाके में नक्सलियों ने क्ए्ऊ ब्लास्ट किया था। हमले में दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और एक ड्राइवर की जान चली गई।

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस घटना पर कहा कि जब भी इनके खिलाफ बड़े ऑपरेशन होते हैं तो ये नक्सली कायराना हमले पर उतर आते हैं। मैं इस हमले में शहीद हुए जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार जो बड़ा कदम उठा रही है। इस कदम को और आगे बढ़ायें। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बीजापुर क्ए्ऊ विस्फोट पर कहा कि बीजापुर से नक्सलियों की कायराना हरकत की जानकारी आई है।

यह नक्सलियों की कायराना हरकत है। यह हताशा, निराशा में की गई कार्रवाई है। इन जवानों की शहादत जाया नहीं जाएगी और बहुत जल्द छत्तीसगढ़, बस्तर नक्सल मुक्त होगा।

## तनावपूर्ण रिश्तों के बीच महत्वपूर्ण समझौता, भारत-बांग्लादेश के बीच 185 मछुआरों की अदला-बदली

**नई दिल्ली, 06 जनवरी।** बांग्लादेश ने 95 भारतीय मछुआरों को भारत को सौंप दिया, जबकि नई दिल्ली ने 90 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर दिया। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच एक-दूसरे की हिरासत में मछुआरों की पारस्परिक वापसी की प्रक्रिया शुरू हुई। मछुआरों के आदान-प्रदान का समन्वय भारतीय तट रक्षक और बांग्लादेश तट रक्षक द्वारा किया गया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बांग्लादेशी पक्ष ने 95 मछुआरों और चार मछली पकड़ने वाली नौकाओं को भारतीय तट रक्षक को सौंप दिया।

इसमें कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक बल ने 90 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर दिया, जिनमें डूबी हुई मछली पकड़ने




वाली नाव कौशिक से बचाए गए 12 मछुआरे भी शामिल हैं। भारतीय तट रक्षक ने रीडआउट में कहा, भारतीय मछुआरों को बांग्लादेश से स्वदेश वापसी के बाद दक्षिण 24 परगना में पश्चिम बंगाल राज्य मत्स्य पालन अधिकारियों को सौंप दिया गया। इसमें कहा गया है कि हाल के महीनों में, कई भारतीय मछुआरों को बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जब वे अनजाने में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को पार कर बांग्लादेश के जल क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे।

इसमें कहा गया है कि कई बांग्लादेशी मछुआरों को भी भारतीय अधिकारियों ने इसी तरह की परिस्थितियों में पकड़ा है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनाव आ गया। भारत उस देश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमलों पर चिंता व्यक्त करता रहा है।

## गंगासागर मेला को लेकर केंद्र सरकार पर बरसीं ममता बनर्जी

**कोलकता, 06 जनवरी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वार्षिक मकर संक्रांति तीर्थयात्रा की व्यापक व्यवस्था की देखरेख के लिए गंगासागर द्वीप का दौरा किया, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान के लिए जुटने की उम्मीद है। प्रौद्योगिकी, ड्रोन और उपग्रह इमेजरी की सहायता से सुचारू परिवहन, स्वच्छता और भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने, रसद का प्रबंधन करने के लिए एक मेगा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस दौरान ममता ने केंद्र सरकार पर कई बड़े आरोप भी लगाए। ममता बनर्जी ने कहा कि लोगों को पानी के रास्ते गंगासागर आना पड़ता है। इसके लिए केंद्र सरकार को पुल बनाना था लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार ने पुल बनाने के लिए टेंडर मंगाया है। इसके बाद काफी सुविधा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं कि गंगासागर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुखद हो। हमने पुलिस, ढहऊ ढलए समेत सभी विभागों के साथ बैठकें की



हैं। हमने समन्वय बैठकें भी की हैं जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। ममता ने आगे कहा कि केंद्र सरकार कुंभ मेले में हजारों करोड़ देकर सहयोग करती है लेकिन गंगासागर की तरफ वे देखते भी नहीं। उन्होंने कहा कि गंगासागर के एक तरफ सुंदरबन है, एक तरफ अरण्य, एक तरफ समुद्र, मंदिर और श्रद्धालु हैं, यह बहुत अद्भुत है। वहीं, ममता बनर्जी पड़ोसी देश बांग्लादेश की जेल से हाल ही में रिहा हुए राज्य के 95 मछुआरों को सम्मानित करेंगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस बात की प्रबल संभावना है कि मुख्यमंत्री सम्मान समारोह के दौरान मछुआरों को कुछ मुआवजा भी देंगी।

## वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी: पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 06 जनवरी।** पीएम नरेंद्र मोदी जल्द ही वर्चुअल तरीके से कई रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में न्यू जम्मू रेलवे डिवीजन, चारलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 की शुरूआत से ही भारत कनेक्टिविटी की तेज रफ्तार बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि मैंने कल दिल्ली ठउफमें 'नमो भारत' ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरूआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। मोदी ने कहा कि हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक दृश्यमान परिवर्तन आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी, रेलवे से रोजगार का निर्माण और उद्योगों को सपोर्ट शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत



विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार बढ़ावा दिया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोग कम समय में लंबी दूरी की यात्रा करना चाहते हैं, इसलिए हमने देश भर में हाई-स्पीड ट्रेनों की भारी मांग देखी है। आज 50 से ज्यादा रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 136 वंदे भारत सेवाएं लोगों के सफर को आरामदायक बना रही हैं। मोदी ने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे उंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब का काम पूरा हुआ है। मोदी ने कहा कि हाईस्पीड ट्रेन की मांग बढ़ रही है, वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार लोगों के लिए दोहरा झटका: नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर, 06 जनवरी।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने मोहन माझी के नेतृत्व वाली ओडिशा सरकार की आलोचना करते हुए इसे डबल इंजन, डबल ब्लो (दोहरा इंजन, दोहरा झटका) प्रशासन करार दिया। आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ बीजद के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पटनायक ने भाजपा नीत सरकार पर जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार झूठे विमर्श और वादे करके सत्ता में आई है। भाजपा को बीजद से कम वोट मिले हैं। सत्तारूढ़ पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पटनायक ने कहा, डबल इंजन, डबल झटका।



डबल इंजन वाली सरकार लोगों को दो तरफ से मार रही है - मूल्य वृद्धि और जीएसटी। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा नीत केंद्र सरकार ने हर उत्पाद पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगा दिया है। गरीब लोग इसका खामियाजा भुगत रहे हैं और उन्हें पहले से कहीं अधिक जीएसटी देना पड़ रहा है। पटनायक ने कहा, यह सरकार जनता की सरकार होने का दावा करती है, लेकिन इसका जनता के सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है।

## व्यर्थ नहीं जाएगी जवानों की शहादत, मार्च 2026 तक भारत से खत्म कर देंगे नक्सलवाद: अमित शाह

**नई दिल्ली, 06 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवानों और एक नागरिक ड्राइवर की नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म कर देगी। उन्होंने आगे कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। गृह मंत्री ने लिखा कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में IED ब्लास्ट में DRG के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुःखी हूँ। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ।

अमित शाह ने आगे कहा कि इस दुःख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा ने आज IED विस्फोट में हमारे 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए हैं। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, जिस तरह से लगातार नक्सलियों को परास्त किया जा रहा है, उससे वे हताश हैं और ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। जल्द छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा होगा और यहां शांति बहाल होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर IED विस्फोट पर कहा कि यह कैसे



हुआ यह जांच का विषय है... अब हम इस पूरे नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए और दृढ़ता और ताकत के साथ काम करेंगे... उन्होंने (केंद्रीय गृह मंत्री) और दृढ़ता के साथ कार्रवाई करने की बात कही है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों ने एक वाहन को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर उड़ा दिया, जिसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवान और एक चालक की मौत हो गई।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि कुटरू थाना क्षेत्र के अंबेली गांव के पास दोपहर करीब 2.15 बजे नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर एक वाहन को उड़ा दिया।

यह घटना तब हुई जब दंतेवाड़ा जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान नक्सल विरोधी अभियान के बाद अपनी एसयूवी कार से लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि सभी आठ डीआरजी जवानों और वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है और इसमें ज्यादातर स्थानीय आदिवासियों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भर्ती किया जाता है।









## किराना कारोबारी की दुकान से 27 लाख की चोरी

**कानपुर (उत्तरशक्ति)।** सिविल लाइंस के बाबाघाट निवासी किराना कारोबारी अंकुर गुप्ता की किराना बाजार स्थित दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने 12 लाख रुपये नकदी समेत 27 लाख रुपये कीमत का माल पार कर दिया। शातिरों के चेहरे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। चोरी की वारदात से नाराज व्यापारियों ने जमकर हंगामा काटा। अंकुर के अनुसार कलक्टरगंज स्थित एक्सप्रेस वे रोड पर उनकी लाला रामचंद्र गुप्ता एंड संस के नाम से फर्म है। इस फर्म के जरिए वह किराना का थोक व्यापार करते हैं। अंकुर ने बताया कि गुरुवार देर रात वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा मिला। कैश काउंटर में रखे 12 लाख रुपये, 15 लाख रुपये कीमत के ड्राइफ्रूट, केसर, दो लैपटॉप, दो मोबाइल व कीमती सामान गायब था। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में एक चोर रात करीब ढाई बजे दुकान के भीतर दाखिल होते हुए दिखाई पड़ा जबकि दो दुकान के बाहर खड़े थे। पुलिस सीसीटीवी में कैद फुटेज की मदद से शातिरों की तलाश में जुटी है।

## राम जानकी मंदिर से अष्टधातु की 3 मूर्तियां चोरी

**श्रावस्ती(उत्तरशक्ति)।** यूपी के श्रावस्ती जिले में उसे वक्त हड़कंप मच गया जब एक मंदिर से अष्टधातु की करोड़ों रुपए की 6 मूर्तियो में 3 मूर्तियां चोरी हो गई। बताया जा रहा है कि मंदिर में सीसीटीवी कैमरे भी है। लेकिन उसके बावजूद भी चोरों ने मंदिर में रखी 6 मूर्तियों में से तीन मूर्ति पर हाथ साफ कर दिया। यह सभी मूर्तियां अष्टधातु की बनी है और बाजारों में इसकी करोड़ों रुपए की कीमत है सूचना पर पहुंची पुलिस चोरी का कारण खंगाल में जुट गई है। पुलिस की रात में गश्त न लगने से चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। मौका देख कभी घरों में चोरी तो कभी दुकानों में चोरी तो कभी खड़े वाहनों को उठा ले जा रहे हैं। जिससे क्षेत्र में चोरों का आतंक मचा हुआ है। ऐसी ही घटना रविवार रात श्रावस्ती जनपद के कोतवाली भिनगा के लक्ष्मणपुर बाजार की है जहां रात राम जानकी मंदिर में चोरों ने मंदिर में मौजूद 6 अष्टधात की मूर्तियों में से तीन मूर्तियों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब पुजारी मंदिर की पूजा करने और साफ सफाई करने के लिए पहुंचा तो देख कर दंग रह गया। वहां पर लड्डू गोपाल हनुमान जी और सालिग्राम की मूर्तियां मौजूद थी जबकि भगवान राम लक्ष्मण और सीता माता की 100 साल पुरानी मूर्तियां गायब थी। इन मूर्तियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों की कीमत बताई जा रही है वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस चोरी का कारण खंगाल ने में जुट गई है।

## बीच चौराहे पर आग का गोला बनी स्कूल वैन, चालक ने कूदकर बचाई जान

**शामली (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर उस वक्त अफरा तफरी मच गई। जब सड़क से गुजर रही एक स्कूल वैन में अचानक आग लग गई। गाड़ी में आग लगी देख चालक ने गाड़ी को चौराहे पर ही छोड़ दिया और गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। जहां घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक स्कूल वैन जलकर पूरी तरह खाक हो चुकी थी। गनीमत रही की हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं बीच चौराहे पर आग का गोला बनी स्कूल वैन के कारण सड़क से गुजर रहे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें की पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली यमुनोत्री हाईवे स्तिथ बलवा चौराहे का है। जहां शहर के सेंट आर सी स्कूल की वैन दिल्ली की ओर से आ रही थी। बताया जाता है की जैसे ही उक्त स्कूल वैन बलवा चौराहे पर पहुंची तो गाड़ी से धुआं निकलता देख गाड़ी का चालक घबरा गया और गाड़ी को बीच चौराहे पर रोककर गाड़ी से कूद गया। जिसके कुछ क्षण बाद ही स्कूल वैन देखते ही देखते आग का गोला बन गई।

## घने कोहरे के चलते डिवाइडर से टकराकर पलटा ट्रक

**बेलीपार(उत्तरशक्ति)।** घने कोहरे के चलते रविवार को भोर में करीब चार बजे भरवल गांव के सामने फोरलेन पर एक ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इसके बाद पीछे से आ रही वैगनार ट्रक से टकरा गई। इसमें वैगनार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार तीन लोगों को चोटें आई हैं। जानकारी होने पर पुलिस ने ट्रक को क्रेन से किनारे करा दिया और घायलों को अस्पताल भिजवा दिया। प्रयागराज के रहने वाले ट्रक चालक रमेश अपने ही जिले से मटर लेकर गोरखपुर आ रहे थे। भरवल गांव के सामने गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर जैसे ही वह पहुंचे कोहरे के चलते उनकी ट्रक डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद अनियंत्रित होकर ट्रक फोरलेन के बीचोबीच पलट गया। इसी बीच पीछे से गिरधरपुर के रहने वाले अधिवक्ता जयप्रकाश गुप्ता लखनऊ जाने के लिए इंटरसिटी पकड़ने के लिए बड़े पुत्र अरुण और छोटे पुत्र के साथ वैगनार से आ रहे थे। अचानक हुए हादसे और कोहरे के चलते पलटे ट्रक को वह नहीं देख सकें और ट्रक से टकरा गए।

## गुजरात जहाज क्रैश में जान गंवाने वाले सौरभ के घर पर मचा कोहराम

**प्रयागराज/कौशाम्बी** । गुजरात के पोरबंदर में कोस्ट गार्ड का हेलीकॉप्टर क्रैश होने से जान गंवाने वाले सेना के तीन जवानों में एक सौरभ यादव प्रयागराज के के रहने वाले थे। कौशाम्बी जिले के अलीगंज कोखराज के मूल निवासी ज्ञान सिंह के पुत्र सौरभ यादव का परिवार प्रयागराज में धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतमनगर में रहता है। रविवार को घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। सौरभ के दो बेटे हैं। वर्तमान में सौरभ भारतीय तट रक्षक गुजराज में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बता दें कि गुजरात के पोरबंदर में कोस्ट गार्ड का एक हेलीकॉप्टर रविवार को क्रैश हो गया था। इस हादसे में कुल तीन लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में पायलट और को-पायलट शामिल हैं। रविवार दोपहर गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई थी।

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाला बिहार का सॉल्वर गिरफ्तार

**आजमगढ़।** दूसरे की जगह पर परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी, अपनी जगह परीक्षा दिलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रोफेसर अफसर अली (केंद्राध्यक्ष) प्रिंसिपल शिब्ली नेशनल कॉलेज ने बताया कि ग्रुप सी की परीक्षा शनिवार को हो रही थी। जहां प्रथम पाली की परीक्षा में अनूप सागर ग्राम मऊपारा, देवकली गाजीपुर शामिल हुआ। जहां कक्ष निरीक्षक डॉ. मोहम्मद अफजल अंसारी, शाहबाज अरशद व विजय कुमार यादव ने आधार वेरिफिकेशन किया। डाटा का मिलान नहीं हो पा रहा था। अनूप से पूछने पर वह कुछ बता नहीं पाया। पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसका सही नाम विकास कुमार है। वह ग्राम असनिया कुवा, थाना कदम कुआं, पटना का है। अनूप सागर के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा में शामिल हुआ है।

## सोनालीका ने अब तक का सर्वाधिक मासिक कुल मार्केट शेयर 18 प्रतिशत दर्ज किया



पटना (उत्तरशक्ति)। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने एक नए जबरदस्त प्रदर्शन के साथ अपनी वर्ष 2024 की यात्रा पूरी कर ली है और दिसंबर'24 में अपना अब तक का सर्वाधिक 18 प्रतिशत मासिक मार्किट शेयर दर्ज करके एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। दिसंबर'24 में यह खास उपलब्धि असाधारण 10,639 कुल ट्रैक्टर बिक्री द्वारा संभव हुई, जो दिसंबर'23 में बेचे गए 7,999 कुल ट्रैक्टर बिक्री की तुलना में 33 प्रतिशत ज्यादा रही और कंपनी ने उद्योग की वृद्धि को अनुमान 2.4 गुना से पीछे कर दिया है। सोनालीका ने अप्रैल-दिसंबर'24 में 1,19,369 कुल वाईटीडी ट्रैक्टर बिक्री के शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष'25 में अपनी मजबूत गति जारी रखी है, जो इनोवेशन को बढ़ावा देने और प्रत्येक किसान के लिए अनुकूलित हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टर प्रदान करने हेतु सोनालीका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 150 प्लस देशों में कृषि को आधुनिक और किसानों को सशक्त बनाने पर निरंतर ध्यान देने के साथ, कंपनी ने ट्रैक्टर उद्योग में उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करने के लिए लगातार सीमाओं को आगे बढ़ाया है। किसान की फसल और मिट्टी की जरूरतों के अनुसार अपने हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टर पोर्टफोलियो का विस्तार करने से लेकर, अपने सर्विस नेटवर्क को बढ़ाने, ग्राहकों के जितना संभव हो उतना करीब रहने तक, सोनालीका ने लगातार खुद को कृषि समृद्धि की यात्रा में एक विश्वसनीय पार्टनर के रूप में स्थापित किया है। इस अद्भुत उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, 'प्रत्येक ट्रैक्टर के साथ हम अपने कृषक समुदाय के लिए विकास, अनुकूलनशीलता और आशा के बीज बोने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।' दिसंबर'24 में अब तक की अपनी सर्वाधिक मासिक मार्केट शेयर 18 प्रतिशत के साथ शानदार बेंच मार्क से भरे वर्ष 2024 को पूरा किया है।

## अपना पूर्वांचल महासंघ के कार्यक्रम में शामिल होंगे नरसिंह यादव



मुंबई। अपना पूर्वांचल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अशोक दुबे तथा महाराष्ट्र प्रदेश सचिव राधेश्याम यादव ने आज गोल्ड मेडलिस्ट कुश्ती चैंपियन पुलिस उपायुक्त नरसिंह यादव से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की तथा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।अपना पूर्वांचल महासंघ द्वारा २२ फरवरी, २०२५, को मुंबई में पूर्वांचल रतन पुरस्कार सम्मान समारोह को आयोजन किया जा रहा है, जिसमे पूर्वांचल के मेधावी प्रतिभा को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूर्वांचल के विभिन्न क्षेत्रो में काम कर रहे विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गोल्ड मेडलिस्ट कुश्ती चैंपियन नरसिंह यादव से मिलकर उनको पत्र देकर २२ फरवरी को आने के लिए आमंत्रित किया गया। नरसिंह यादव ने आश्वासन दिया कि वह संस्था के सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे।

## नागाओं की टोली ने अस्त्र-शस्त्र संग संगम पर किया शंखनाद

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** भगवान सूर्य को अपना इष्टदेव मानने वाले तपोनिधि आनंद अखाड़े के संन्यासियों ने सुसज्जित रथों पर अस्त्र-शस्त्र के साथ सोमवार को संगम की रेती पर बनी अपनी भव्य छावनी में प्रवेश किया । शैव परंपरा के श्री तपोनिधि आनंद अखाड़े ने हाथी, घोड़ों, रथ, ऊंट पर सवार नागा संन्यासियों, आचार्य, मंडलेश्वर, महामंडलेश्वरों ने बाजे-गाजे के साथ निकले तो उनकी झलक पाने के लिए सड़कों के किनारे श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। छावनी प्रवेश शोभायात्रा में बाजेगाजे के साथ सबसे आगे धर्म ध्वजा चल रही थी। इसके बाद इष्टदेव भगवान सूर्य का विग्रह लेकर साधु रथों पर निकले। घोड़ों पर डंका-निशान शोभायात्रा की छटा को बढ़ा रहा था। इस कारवां में धर्म के रक्षक नागा संन्यासियों की टोली हाथों में भाला, बरछी, तलवार लेकर लेकर चल रही थी। काली मार्ग स्थित आनंद अखाड़े की छावनी में प्रवेश के बाद निशान स्थापित किया गया।आनंद अखाड़े की छावनी प्रवेश शोभायात्रा अल्लापुर स्थित मठ बाघम्बरी गद्दी से निकल कर भारद्वाजपुरम के लेबर चौराहे से मटियारोड होते हुए अलोपी देवी चौरहे पहुंची। अलोपी देवी से छावनी प्रवेश यात्रा दारागंज के दशाश्वमेध घाट से मुड़ कर शास्त्री ब्रिज के नीचे से होते हुए संगम क्षेत्र में प्रवेश कर गई। छावनी प्रवेश शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। संगम क्षेत्र में छावनी यात्रा पहुंचने पर मेला प्रशासन के अधिकारियों ने अखाड़े के साधु-संन्यासियों और मंडलेश्वरों, महामंडलेश्वरों का स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान संत-भक्त झूमते - थिरकते रहे। इस शोभायात्रा के साथ अध्यक्ष शंकरानंद गिरि, आचार्य महामंडलेश्वर बालकानंद गिरि के अलावा महामंडलेश्वर सुरेंद्रानंद गिरि, बरेली के कालू गिरि महाराज, महिला महामंडलेश्वर साध्वी मंजूश्री समेत सैकड़ों साधु-संन्यासियों ने छावनी प्रवेश में हिस्सा लिया।

श्री तपोनिधि आनंद अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा नागा संन्यासियों के क्रम में आखिरी प्रवेश यात्रा थी। इसके बाद वैष्णव बैरागी अखाड़े, उदासीन और निर्मल अखाड़े का छावनी प्रवेश परंपरा और तिथि क्रम के हिसाब से होगा। आनंद अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा के बाद शाम को संगम क्षेत्र में अखाड़ा परिसर में पहुंच कर सबसे पहले धर्म ध्वजा को स्थापित किया।

इसके बाद अखाड़े के साधु-संन्यासियों ने मंत्रोच्चार के बीच इष्ट देव भगवान सूर्य के मंदिर की अखाड़े में स्थापना की।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला




**मुरादाबाद(उत्तरशक्ति)।** जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहे एक दंपती की हाईवे पर दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मारकर बाइक सवार पति-पत्नी को कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव सुल्ताननगर उर्फ सादकपुर निवासी यशपाल चौहान (48) और उनकी पत्नी पाकेश देवी (45) सोमवार दोपहर बाइक से अपने भांजे शिवेंद्र कुमार के पुत्र सूर्यांश कुमार के जन्मदिन समारोह में शामिल होने गांव जटपुरा जलालपुर (मुरादाबाद) जा रहे थे। काशीपुर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर गांव नाखूनका (थाना डिलारी) के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में दंपती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची डिलारी पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया। भांजे शिवेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष डिलारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। हादसे ने खुशी के माहौल को गम में बदल दिया। जन्मदिन समारोह की तैयारियों के बीच जब यशपाल और उनकी पत्नी के मौत की खबर पहुंची तो घर में मातम छा गया। परिजन घटना से गहरे सदमे में हैं। काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर यातायात नियमों के सख्त पालन और ट्रक चालकों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि ट्रक की पहचान हो गई है।

## एलन पटना के आरंभ सेशन में मिला मार्गदर्शन,ओलम्पियाड में सफल स्टूडेंट्स को दिए मेडल




**पटना(उत्तरशक्ति)।** एलन पटना को एक वर्ष पूरा होने के साथ ही बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं। साथ ही बिहार के अभिभावकों व विद्यार्थियों का विश्वास बढ़ने लगा है। कक्षा 6 से 10 तक के स्टूडेंट्स के साथ एलन पटना के आगामी वर्ष की तैयारी को लेकर एलन आरंभ सेशन ऊर्जा ऑडिटोरियम शास्त्री नगर पटना में आयोजित किया गया। सेशन में करीब एक हजार स्टूडेंट्स व पेरेंट्स शामिल हुए। इस अवसर पर एनएमटीसी के 51, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के 30, आईओक्यूएम के 10, आरएमओ के 2, जेएसओ के 1 तथा आईएमडी के 2 स्टूडेंट्स को सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। एलन सेंटर हेड चेतन शर्मा ने बताया कि एलन पटना में एक कमिटमेंट के साथ आया और कोटा के स्तर की सेवाएं देना यहां शुरू किया। इसी का परिणाम है कि एक वर्ष की लघु अवधि में अभिभावकों और विद्यार्थियों में विश्वास बढ़ा। हम आगे भी इसी तरह बेहतर सेवाएं देते रहेंगे। एलन पीएनसीएफ जोनल हेड विशाल केजरीवाल ने कक्षा 6 से 9 तक में एलन का स्टडी पैटर्न और कक्षा 10 की बोर्ड की तैयारी के बारे में बताया। इसके बाद कक्षा 11 व 12 में अपने लक्ष्य को लेकर किस तरह एलन आपको सपोर्ट करेगा। स्टूडेंट्स की प्रतिभा को निखारने के लिए एलन के क्या प्रयासों को स्पष्ट किया। उन्होंने हाल ही में जारी हुए ओलम्पियाड में एलन स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस के बारे में बताया। साथ ही विभिन्न ओलंपियाड में चयनित स्टूडेंट्स को मंच पर बुलाया। सेंटर हेड चेतन शर्मा, पीएनसीएफ हेड विशाल केजरीवाल और एडमिन हेड देवेन्द्र अवस्थी ने सफल विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल पहनाकर बधाई दी।

## शादी के 25 दिन बाद मायके में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**शाहजहांपुर(उत्तरशक्ति)।** शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र में शादी के 25 दिन बाद नवविवाहिता ने मायके में आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर जिला मुख्यालय से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

खुटार क्षेत्र के गांव कोल्हूगाढ़ा निवासी मनीराम ने अपनी पुत्री 22 वर्षीय प्रीति देवी की शादी 10 दिसंबर को पुवायां इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बिहार के जनपद समस्तीपुर के गांव कनवा सैदपुर निवासी चंदू के साथ की थी। चंदू प्रीति की भाभी का भाई है। शादी के बाद से प्रीति मायके में ही रह रही थी। सोमवार को सुबह करीब पांच बजे प्रीति ने दीवार के कुंडी में दुपट्टे से फंदा बनाकर लटक गई। जानकारी होने पर परिजनों ने प्रीति को फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए। जहां इलाज के कुछ ही देर बाद प्रीति ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रीति की मौत की सूचना पर पति चंदू भी हरियाणा से खुटार के लिए रवाना हो गया है। प्रीति की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता के अनुसार रविवार रात पुत्री की दामाद से मोबाइल फोन पर बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। हालांकि पिता ने कोई तहरीर नहीं दी है। सीओ निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि सूचना के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, परिजन कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं।

प्रीति का विवाह 10 दिसंबर को हुए सामूहिक विवाह समारोह में अपने भाभी रंजो देवी के भाई चंदू से हुआ था। चंदू हरियाणा में रहकर मजदूरी करता है। शादी के बाद वह हरियाणा चला गया था। एक जनवरी को चंदू ससुराल आया था और तीन जनवरी को फिर से हरियाणा चला गया था। प्रीति अभी तक एक बार भी ससुराल नहीं गई थी। 15 दिन पूर्व प्रीति का बड़ा भाई परागेलाल गंभीर बीमार हो गया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## CM योगी ने महाकुंभ मेले की तैयारियों का लिया

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेले की तैयारियों का जायजा लेने के बाद सोमवार को कहा कि महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को संगम का सानिध्य तो हासिल होगा ही, उन्हें पहली बार कॉरिडोर के माध्यम से प्रयागराज की झांकी देखने को भी मिलेगी। महाकुंभनगर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, ह्लअक्षयवट कॉरिडोर का प्रधानमंत्री के कर कमलों से उद्घाटन हो चुका है। श्रद्धालुओं को लेटे हुए हनुमान जी कॉरिडोर को भी पहली बार देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही सरस्वती कूप कॉरिडोर, पाताल कूप कॉरिडोर, महर्षि भरद्वाज कॉरिडोर और श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा, टेंट सिटी का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण 20,000 श्रद्धालुओं और 5,000 विशिष्ट जनों के लिए टेंटे का निर्माण कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, 20,000 से अधिक संतों, संगठनों और अन्य संस्थाओं का पंजीकरण करते हुए उन्हें भूमि आवंटन कर दिया गया है। इसमें सभी 13 अखाड़े, दंडी बाड़ा और आचार्य बाड़ा के साथ प्रयागवाल सभा शामिल हैं। उन्होंने कहा, नयी संस्थाओं को हर हाल में पांच जनवरी तक भूमि आवंटित करने का लक्ष्य है। भूमि और सुविधाओं के लिए प्रदेश सरकार ने पर्याप्त व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में 250 ह्यसाइनेज' (मार्ग सूचक), जबकि शहर में 651 स्थानों पर साइनेज' लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार पांटून पुल की संख्या 22 से बढ़ाकर 30 की गई है, जिसमें से 20 पांटून पुल पूरी तरह से तैयार हैं, जबकि बाकी का निर्माण कार्य 30 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 651 किलोमीटर क्षेत्र में ह्यचकर्ड प्लेट' बिछनी है, जिसमें से अब तक 330 किलोमीटर क्षेत्र में यह बिछाई जा चुकी है। योगी ने कहा, ह्लयहां गंगा जल शुद्ध है और स्नान एवं आचमन के लायक है। मलजल, उद्योगों का अपशिष्ट कहीं भी नदी में न गिरे, इसके लिए जगह-जगह एसटीपी (मलजल शोधन यंत्र) तो चालू हैं, साथ ही जियो ट्यूब और बायो रेमेडीज के माध्यम से जल के शुद्धिकरण के कार्यक्रम को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा, मेला क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए 400 केवी के 85 उप केंद्र में से 77 स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं, 250 केवी के 14 उप केंद्र में से 12, जबकि 100 केवी के 128 उप केंद्र में से 94 स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मेला क्षेत्र में लगभग 48,000 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। मेले में पहली बार गंगा का रिवर फ्रंट और पक्के घाट देखने को मिलेंगे। इसी तरह, जेटी के निर्माण का कार्य भी युद्ध स्तर पर हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने 100 बिस्तर का एक अस्थायी अस्पताल स्थापित किया है।

## कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, पांच घंटे बाद आग पर पाया काबू

**आजमगढ़ ।आजमगढ़** महराजगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में स्थित कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख लोग शोर मचाने लगे। वहां मौजदू लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आग इतनी तेज थी कि उसे बुझाने के लिए सात गाड़ियां लगानी पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद करीब पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक दुकान में रखे सभी सामान जलकर राख हो गए। वहीं, बगल में तीन मकानों को भी क्षति पहुंची है। महराजगंज थाना क्षेत्र के महराजगंज कस्बा निवासी रियाज अहमद की दुकान घर के सामने सिद्दकी वस्त्रालय के नाम से दुकान संचालित होती है। उसी के ऊपर तीसरे तल पर वह परिवार के साथ रहते हैं। रात करीब 12.30 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की लपटें देख वहां मौजूद लोग शोर मचाने लगे। परिवार भी नीचे देखा तो आग लगी थी। सभी भागकर किसी तरह से नीचे आ गए। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड महराजगंज को दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। आग का भयावह रूप देख फायर कर्मियों ने अन्य स्टेशनों से भी गाड़ियों की मांग की। मौके पर कुल सात गाड़ियां पहुंच गई। दुकान के आगे और पीछे से फायर कर्मियों द्वारा पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। करीब पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक लाखों रुपये की क्षति हो गई।



